हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 जनवरी 2026



# बसंत पंचमी कल, मंदिरों में होगी पूजा-अर्चना, इस बार शुभ कार्य नहीं होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

बसंत पंचमी का पर्व 23 जनवरी को मनाया जाएगा। इसे लेकर मंदिरों में तैयारी शुरू हो गई है। देवी-देवताओं का विशेष श्रृंगार होगा। वहीं मंदिरों में पूजन किया जाएगा। पंडितों के अनुसार प्रतिवर्ष बसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त मानकर देशभर में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन जैसे मांगलिक कार्य किए जाते रहे हैं, लेकिन इस वर्ष बसंत पंचमी पर कोई भी शुभ कार्य नहीं होंगे।

पंडितों ने बताया कि माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को बसंत पंचमी कहा जाता है। इसी दिन खटवांग जयंती और तक्षक पंचमी का भी संयोग रहता है। सामान्यतः इस तिथि को विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्य शुभ माने जाते हैं, किंतु शुक्र तारा अस्त होने से इस बार ये उपक्रम संभव नहीं होंगे। 23 जनवरी शुक्रवार को आने वाली बसंत पंचमी पूर्व भाद्रपद नक्षत्र, परिघ योग तथा कुंभ के उपरांत मीन राशि में चंद्रमा की साक्षी में रहेगी।

धर्मशास्त्र के अनुसार शुक्र या गुरू का तारा अस्त होने पर विवाह जैसे संस्कार वर्जित माने जाते हैं। इसी कारण इस बार बसंत पंचमी पर विवाह का मुहूर्त नहीं बन रह हैं। हर वर्ष माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर बसंत पंचमी मनाई जाती है। बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती पूजन से वाणी मधुर होती है, स्मरण शक्ति तीव्र होती है और विद्या में कुशलता मिलती है।

## धर्मशास्त्र के अनुसार शुक्र या गुरु का तारा अस्त होने से विवाह जैसे संस्कार वर्जित

### पूजन के लिए यह मुहूर्त

पंडित ने बताया कि पंचाग के अनुसार माघ शुक्ल पंचमी तिथि 23 जनवरी को रात 02:28 बजे शुरू होगी और 24 जनवरी को रात 01:46 बजे खत्म होगी। उदयातिथि के आधार पर बसंत पंचमी 23 जनवरी को मनाई जाएगी। पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 6.57 मिनट से दोपहर 12.21 मिनट तक रहेगा। छात्र-छात्राएं मां सरस्वती के साथ पुस्तक, कापी और कलम की पूजा करते हैं। संगीतकार वाद्ययंत्रों और चित्रकार अपनी तूलिका की पूजा करते हैं।



### वर्षों बाद ऐसा की शुभ कार्य नहीं

आमतौर पर पूरे भारत में बसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त मानकर मांगलिक कार्यों की परंपरा रही है, लेकिन इस बार परिस्थितियां भिन्न है। ऐसा बहुत वर्षों बाद हो रहा है, नहीं तो बसंत पंचमी पर बड़ी संख्या में शुभ कार्य होते हैं। पचांग में बसंत पंचमी, अक्ती व महाशिवरात्रि को अबूझ मुहूर्त माना जाता है।

### फाग महोत्सव की शुरूआत

बसंत पंचमी का पर्व बुद्धि और ज्ञान की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। इस दिन ज्ञान, संगीत और कला की साधना के लिए विशेष पूजा की जाती है। पीले वस्त्र, पीले फूल, बूंदी के लड्डू, मालपुआ, खीर और पीले चांवल अर्पित किए जाते हैं। बसंत ऋतु के आगमन के प्रतीक इस पर्व पर मंदिरों में फाग महोत्सव की शुरूआत भी होती है, जहां भगवान को गुलाल अर्पित किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### वाद-विवाद, दो पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** मंडई-मेले को देखते हुए असामाजिक तत्वों पर पुलिस द्वारा नजर रखी जा रही है। जिसके तहत दो अनावेदक के खिलाफ गैंदाटोला पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना गैंदाटोला में क्षेत्रार्गत शराब, जुआ व अन्य असंवैधानिक गतिविधियों पर पैनी नजरी रखी जा रही है एवं सूचना पर तत्काल कार्रवाई कर निराकरण किया जा रहा है। आगामी ग्राम गैंदाटोला मंडई मेला को देखते हुए असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही थी। जिसके पूर्व शिकायतों पर जांच कर पूछताछ की जा रही थी। पुलिस के अनुसार असामाजिक तत्वों द्वारा अभद्रतापूर्वक व्यवहार करते लड़ाई-झगड़ा कर मरने-मारने पर उतारू हो गए। उपस्थित लोगों एवं पुलिस बल द्वारा समझाने पर नहीं माने व अप्रिय घटना को रोकने हेतु कोई विकल्प नहीं होने से अनावेदक आकाश कुमार नेताम 23 साल निवासी गैंदाटोला और विशाल चंद्रवंशी 19 साल निवासी गैंदाटोला को धारा-170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर धारा-126, 135(3) बीएनएसएस के तहत ईश्तगासा तैयार कर न्यायालय में पेश किया।

### धर्मसभा के आयोजन में शामिल होंगे शंकराचार्य



**राजनांदगांव।** शहर के पाटीदार भवन में श्रीगोवर्धनमठ-पुरी के पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती यहां आयोजित धर्मसभा के आयोजन में शामिल होंगे। आयोजन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए धर्मसंघ, पीठ परिसर, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी संस्था से जुड़े लोगों ने बताया कि जगतगुरु स्वामी शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती जी 28 जनवरी को शहर पहुंचेंगे। यहां सुबह लगभग 8.30 बजे उनका सनातन धर्मप्रेमियों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। वहीं सुबह लगभग 11.30 बजे दीक्षा एवं संगोष्ठी कार्यक्रम होगा। वहीं 29 जनवरी की सुबह लगभग 11.30 बजे धर्मसभा के आयोजन के साथ हिंदू राष्ट्र को लेकर विशाल संगोष्ठी होगी।

#### लोगों की जिज्ञासा करेंगे शांत

धर्म सभा के आयोजन के दौरान संध्याकालीन सत्र में शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती यहां पहुंचे सनातनियों के धार्मिक, आध्यात्मिक, मानसिक जिज्ञासाओं को लेकर उनके प्रश्नों के उत्तर भी देंगे। इसको लेकर बड़ी संख्या में संस्था के लोगों ने यहां शामिल होने की अपील लोगों से की है।

#### दुर्ग के लिए करेंगे प्रस्थान

समिति द्वारा आयोजन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संस्था के लोगों ने बताया कि दो दिनों के राजनांदगांव प्रवास के पश्चात शंकराचार्य दुर्ग में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं रायपुर स्थित एक आश्रम में 1 से 15 फरवरी तक उनका निवास होगा।

## 31 जनवरी तक चलेगी धान खरीदी, अब तक 209667 ने बेचा धान

# 36 हजार किसानों से खरीदी शेष केंद्रों में 75 लाख क्विं. धान जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में विगत 15 नवंबर से जारी सरकारी धान खरीदी के दरमियान अब तक अविभाजित जिले में 2.09 लाख किसानों से उपज की खरीदी पूरी कर ली गई है। हालांकि अब भी पंद्रह फीसदी किसान शेष रह गए हैं। ऐसे में बचे हुए महज छह दिनों में इन किसानों से खरीदी करना चुनौतीपूर्ण साबित होने वाला है। वहीं दूसरी ओर खरीदी की लिमिट में देरी से इजाफा किए जाने एवं केंद्रों में जाम की स्थिति के चलते भी खरीदी की रफ्तार इस बार सुस्त रही।

अविभाजित जिले के पौने दो सौ उपार्जन केंद्र में लगभग 75 लाख क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है। अब तक महज 32 लाख क्विंटल का ही उठाव पूरा हो पाया है। जबकि इसी अवधि में पिछले सालों तक 65 लाख क्विंटल से अधिक धान का उठाव कर लिया गया था। यही वजह है कि इस बार खरीदी में काफी दिक्कतें भी देखने को मिली। हालांकि प्रशासनिक अमले की सतर्कता के चलते इस बार कोचियों द्वारा हर साल खपाए जाने वाले अवैध धान पर काफी हद तक नियंत्रण रखा जा सका। जिलेभर में 17 करोड़ रुपए से अधिक अवैध धान को पकड़ने की कार्रवाई की गई। जिसका असर यह हुआ कि पड़ोसी राज्य से आने वाले धान पर अंकुश लग गया। वहीं इस बार रकबा समर्पण के मामले में भी आंकड़े काफी सुधरे हैं। बताया गया कि पिछले सालों के मुकाबले इस बार आठ गुना तक रकबा समर्पण किया गया है।

### टोकन के बाद भी नहीं लिया धान, धरने पर पूर्व विधायक



**छुरिया।** धान खरीदी केंद्र कुहीकला में टोकन कटने के बाद धान बेचने पहुंचे किसानों का धान नहीं खरीदे जाने से आक्रोशित किसान ट्रैक्टर में धान भरकर पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू के साथ तहसील कार्यालय में धरने पर बैठ गए। इस दौरान किसानों को धान बिक्री में आ रही दिक्कतों का विरोध दर्ज कराया गया। वहीं पूर्व विधायक सहित किसान टोकन काटे जाने के बाद उक्त किसानों से खरीदी किए जाने की मांग पर अड़े हुए है। मिली जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति कुहीकला में टिपानगढ़ के दो किसान चंदू साहू एवं परसराम गोड़ जिनका आज बुधवार को सेवा सहकारी समिति कुहीकला में टोकन कटने के बाद धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने पहुंचे थे, जहां समिति प्रबंधक ने दोनों किसानों को टोकन के लिमिट से कम धान खरीदने की बात कही। इससे परेशान किसानों ने तहसीलदार, पटवारी एवं नोडल अधिकारी से संपर्क साधा, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। परेशान किसानों ने पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू से संपर्क कर अपनी पीड़ा जाहिर की। शाम को पूर्व विधायक श्रीमती साहू इन किसानों के साथ ट्रैक्टर में धान लोड कर तहसील कार्यालय के मेन गेट के समक्ष रख किसानों का तत्काल धान खरीदने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गई है।

#### खरीदी के बाद होगा उठाव

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उठाव की प्रक्रिया में तेजी 31 जनवरी के बाद ही देखने को मिलेगी। बताया गया कि धान की सरकारी खरीदी के अंतिम दिनों में अवैध धान खपाने की संभावना बढ़ जाने के चलते उठाव को थाम कर रखा गया है। हालांकि इसका असर केंद्रों में खरीदी प्रक्रिया पर देखने को मिल रहा है।

# मेटाडोर में ला रहे थे अवैध धान, पुलिस टीम ने नाकाबंदी में पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

प्रदेशभर में जारी धान की अवैध तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत एमएमसी जिले में भी पुलिस टीम ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। बताया गया कि वाहनों की सघन जांच पड़ताल के दौरान रात्रि नाकेबंदी में धनोरा महाराष्ट्र से मेटाडोर में भरकर मानपुर लाया जा रहा अवैध धान को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में कोहका थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुरेन्द्र नेताम के कुशल नेतृत्व में अवैध धान परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए 20 जनवरी को रात्रि के समय थाना के सामने एमसीपी नाकेबंदी लगाकर आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही थी।

#### खाद्य विभाग को सौंपने की तैयारी

इसी दौरान ट्रकों को संदेह के आधार पर रोककर जांच की गई। जांच के दौरान एक मेटाडोर में 250 कट्टा धान कुल वजन 100 क्विंटल पाया गया। पूछताछ में वाहन चालकों द्वारा धान को धनोरा (महाराष्ट्र) मानपुर लाना बताया गया। अवैध धान परिवहन पाए जाने पर गवाहों के समक्ष मौके पर विधिवत पंचनामा तैयार किया गया एवं वाहन सहित धान को सुरक्षार्थ थाना कोहका परिसर में रखा गया है। चूंकि प्रकरण खाद्य विभाग से संबंधित है। अतः अग्रिम वैधानिक कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग को प्रतिवेदन तैयार कर भेजा गया है।

# हादसों के कारण और निदान पर लिखे निबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह में सड़क सुरक्षा प्रबंधन पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के इक्कीसवें दिन पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में पुष्पेन्द्र नायक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप के नेतृत्व में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यातायात पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि अपने परिवार एवं स्वयं की सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाएं, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाइल में बात न करें, तेज गति से वाहन न चलाएं, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं, नशे की हालत में कभी भी वाहन न चलाएं, नियंत्रित गति में वाहन चलाएं, सम्पूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात जनजागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।

### विभिन्न स्कूलों से 243 प्रतिभागी हुए शामिल



यातायात कार्यालय में सुबह 10 से 1 बजे तक निबंध प्रतियोगिता विषय बढ़ते सड़क हादसों के कारण और निदान का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के सरस्वती विद्या मंदिर, रॉयल किड्स कॉन्वेंट, गायत्री विद्यापीठ, गुजराती स्कूल, अजीज पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, संस्कार सिटी, वेसलियन स्कूल, पद्मलाल पुन्नालाल बख्शी, युगांतर पब्लिक स्कूल, नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री, जेबी सिंह मेमोरियल स्कूल, सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम स्कूल, महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल, गुरूनानक स्कूल, बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल एवं दिग्विजय कॉलेज के 243 प्रतिभागी शामिल हुए। निर्णायक की भूमिका में ज्ञानेश्वर प्रसाद नेताम व्याख्याता शा.उ.मा.वि. बघेरा, लिलेश्वर बघेल शा.पूर्व. माध्य. शाला कन्हारपुरी, अर्चना नेताम सहा.शिक्षक बख्शी स्कूल, रानी चौहान शिक्षक स्टेट स्कूल, दुर्गा चौहान सेवानिवृत व्याख्याता रहे।

**आज रंगोली स्पर्धा:** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत 22 जनवरी को जनसामान्य व विद्यार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा प्रबंधन पर आधारित विषयों पर रंगोली प्रतियोगिता सुबह 10 से 1 बजे यातायात कार्यालय में आयोजित की गई है।

# डेढ़ लाख के गुम 12 मोबाइल फोन खोजकर पुलिस ने धारकों को लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




लोगों के गुम हुए मोबाइल फोन को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से लगातार खोजबीन कर वापस किया जा रहा है। जिसके तहत बसंतपुर पुलिस द्वारा डेढ़ लाख के विभिन्न कंपनियों के 12 मोबाइल को खोजकर धारकों को लौटाया गया। गुम मोबाइल पाकर धारकों के चेहरे खिले उठे।

पुलिस सूत्रों के अनुसार एसपी अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में निरीक्षक एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में गुम मोबाइल पतासाजी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा विभिन्न कंपनियों के 12 नग गुम मोबाइल फोन कीमत लगभग 1,50,000 रुपए को खोजकर बरामद किया गया। बसंतपुर थाना परिसर में 21 जनवरी को सभी बरामद मोबाइल संबंधित प्रार्थियों को सुपुर्द किए गए। इस अवसर पर थाना स्टाफ उपस्थित रहा। प्रार्थीगणों द्वारा जिला पुलिस एवं थाना बसंतपुर पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते आभार व्यक्त किया गया।

#### अपील जारी

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को कोई गुम मोबाइल प्राप्त होता है तो उसका उपयोग न करते हुए नजदीकी थाना में जमा कराएं। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, सीसीटीएनएस आरक्षक भवानी थनापति एवं आरक्षक भुनेश्वर जायसी की सराहनीय भूमिका रही।

# 10 लीटर महुआ शराब जब्त 3 लोगों के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





घर के पास आरोपी द्वारा कच्ची महुआ शराब बिक्री किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे कच्ची देशी महुआ शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। वहीं अन्य मामले में 3 असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना बोरतालाब क्षेत्र अंतर्गत 23 जनवरी को ग्राम अंडी में मंडई के मद्देनजर अवैध शराब पर रोक लगाने मुखबीर तैनात किया गया था। पुलिस को 21 जनवरी को ग्राम भ्रमण गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति रामविलास सेवता ग्राम सोरीटोला अंडी में अपने घर के पास हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने रेड कार्रवाई की एवं कच्ची देशी महुआ शराब 20 नग प्लास्टिक पॉलीथिन कुल 5 बल्क लीटर व एक पीले कलर के जरिकेन में 5 बल्क लीटर कुल 10 बल्क लीटर कीमती 2000 रुपए को आरोपी रामविलास सेवता 38 साल निवासी सोरीटोला अंडी से जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। इसके अतिरिक्त 3 असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई।

## सामान्य प्रशासन विभाग ने जिलेवार अतिथियों की सूची जारी की

# नांदगांव में रमन, केसीजी में मूणत और एमएमसी में सांसद पांडे फहराएंगे ध्वज







हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गणतंत्र दिवस पर होने वाले आयोजन को लेकर ध्वज फहराने के लिए अतिथियों की सूची जारी कर दी गई है। पिछले साल की तरह ही इस बार भी राजनांदगांव जिला मुख्यालय में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विस अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे। इसके अलावा नवगठित केसीजी जिले में रायपुर विधायक राजेश मूणत एवं एमएमसी जिले में स्थानीय सांसद संतोष पांडे को ध्वज फहराने की जिम्मेदारी दी गई है। तीनों ही जिले में आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है।

उल्लेखनीय है कि हर साल गणतंत्र दिवस से पहले ध्वज फहराने को लेकर प्रदेश स्तर से अतिथियों की सूची जारी की जाती रही है। नियमानुसार प्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस गणतंत्र दिवस को लेकर भी अतिथियों की सूची जारी कर दी गई है। अतिथि बनाए गए जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्वज फहराया जाएगा। जिसके बाद सीएम विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन कराया जाएगा। सूची जारी होने के साथ ही संबंधित जिलों में आयोजन को लेकर तैयारियां भी तेज कर दी गई है।



#### स्टेडियम में आयोजन

राजनांदगांव जिला मुख्यालय का मुख्य कार्यक्रम दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां भी जिला प्रशासन द्वारा शुरू कर दी गई है, जहां स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम दिए जाएंगे। वहीं विभागों द्वारा चलित झांकियां तैयार की जा रही है।

#### पांच स्कूल के बच्चे देंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

दिग्विजय स्टेडियम में होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य आयोजन में जिले की पांच स्कूलों के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम देते हुए नजर आएंगे। इनमें महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल, आत्मानंद स्कूल राजनांदगांव, नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, एकलव्य स्कूल एवं प्रतिभा स्थली डोंगरगढ़ के बच्चे शामिल होंगे। इनमें देशभक्ति एवं छत्तीसगढ़ी परंपरा की थीम पर कार्यक्रम करने कहा गया है। इसके अलावा 390 बच्चे पीटी में शामिल होंगे।

# NB GROUP OF SCHOOLS

NB GROUP OF SCHOOLS — ज्ञानं परमं ध्येयम्


नीरज बाजपेयी

## बसंत पंचमी

23 जनवरी 2026 शुक्रवार

विद्यारंभ संस्कार

संस्कार युक्त शिक्षा

ॐ



**विशेष छूट** ADMISSION FEE OFF UP TO CLASS- 5TH

& ₹ 2000/- for other CLASSES

नर्सरी में प्रवेश लेने वाले छात्रो को प्री-नर्सरी की पढ़ाई - **FREE**

OFFER VALID TILL 2nd FEB

SCAN TO EXPLORE OUR BRANCHES-VIRTUAL SCHOOL TOUR.

| NEERAJ BAJPAYEE INTERNATIONAL SCHOOL (CBSE Affiliation No. : 3330241) | NEERAJ PARENTS' PRIDE SCHOOL | NEERAJ FOUNDATION KIDS' PREMIUM SCHOOL | NEERAJ PARENTS' PRIDE SCHOOL & FOUNDATION-2 |
|---|---|---|---|
| BORI, RAJNANDGAON | JAI STAMBH CHOWK | KHANDELWAL COLONY, KAMLA COLLEGE ROAD | BALDEO BAGH |
| 93402-80363, 93408-74310 | 62626-11862 \| 93407-31125 | 92019-58612 \| 92019-58613 | 70002-17171 \| 62626-11851 |

Special offer also available at: NEERAJ VIDYA MANDIR(NVM) Dongargaon | CONTACT: 9039925536

NB GROUP OF SCHOOL'S MILESTONE PUBLIC SCHOOL
SH - 05, RAJNANDGAON ROAD, KHAIRAGARH, DIST-KCG 491881
Ph. 96680-01919
NEVER BEFORE → STARTED PLAY GROUP
PLAY GROUP & NURSERY TRANSPORT - FREE
CLASS - II TO CLASS - X (FREE - 2000/- OFF ADMISSION FEE)
PLAY GROUP TO CLASS - 1 (ADMISSION FEE - FREE)
✓OFFER TILL - 09-02-2026

Only School in Rajnandgaon

SCHOOL INTEGRATED PROGRAM

Limited 40 Seats IN EACH CLASS

NEERAJ BAJPAYEE INTERNATIONAL SCHOOL
BORI, RAJNANDGAON
BEST SIP AWARD
IN ITS FIRST ACADEMIC YEAR
PW Pan India, Academic Year 2025-26

PW VIDYAPEETH
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
PHYSICS WALLAH
Academic Excellence Partner!

FOCUSED OFFLINE DROPPER BATCH FOR NEET ASPIRANTS – NPPS BALDEO BAGH

FOR CLASS
8th | 9th | 10th | 11th | 12th
Foundation — IIT-JEE/NEET

CBSE बोर्ड की पढ़ाई के साथ-साथ FOUNDATION | IIT-JEE | NEET की तैयारी P.W. के शिक्षकों के द्वारा अब अपने राजनांदगांव शहर में...

OFFLINE REGULAR CLASSES FOR
IIT-JEE / NEET + CBSE BOARD

FOR REGISTRATION & ENQUIRY : 9340280363, 9340874310

BORI, KHAIRAGARH ROAD, RAJNANDGAON (C.G.) | nbis.rjn@gmail.com | www.nbisrjn.com

WANTED

TEACHING STAFF ALL SUBJECTS
- PGT- POST GRADUATION WITH B.ED.
- TGT- GRADUATION WITH B.ED.
- PRT- GRADUATION WITH B.ED.
- NTT- GRADUATION WITH B.ED./NTT
- SPECIAL EDUCATOR
- LAB ASSISTANT

NON-TEACHING STAFF
- MBA/SCHOOL MARKETING & OUTREACH MANAGER
- TECHNICAL STAFF (CAMERA & GPS)
- ELECTRICIAN
- ACCOUNTANT
- DRIVER & CONDUCTOR

APPLY WITH LATEST RESUME WITHIN 7 DAYS AT- nbis.rjn@gmail.com

IMPORTANT INSTRUCTIONS
1. EXPERIENCED CANDIDATE WITH EXCELLENT COMMUNICATION WILL BE PREFERRED.
2. ONLY SHORTLISTED CANDIDATES WILL BE CALLED FOR INTERVIEW.

OPEN DAYS FOR ALL
पालकों से आग्रह है कि एक बार हमारी शाला अवश्य पधारें एवं यहाँ की व्यवस्था को करीब से देखें तत्पश्चात अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु निर्णय लें।

- TIME -
10:00 AM to 1:00 PM

## खबर संक्षेप

### श्री मद भागवत कथा 3 से

**खुज्जी।** ग्राम बड़भूम में महिला समूह एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में श्री मद भागवत कथा का धार्मिक आयोजन आगामी 3 से 11 फरवरी तक झंडा चौक में रखा गया है। कथा वाचक पं, उमाकांत शर्मा खामभाट और परायणकर्ता पं, सुरेश तिवारी उमरवाही वाले होंगे। कथा का वाचन दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक होगा।

### मार्ग पर लटक रहे बिजली के तार

**खुज्जी।** विद्युत वितरण केंद्र खुज्जी की एक लापरवाही सामने आई है।



करेठी चौक के पास दो दिनों से विद्युत तार जमीन से मात्र दस फीट की ऊंचाई पर झूल रहा है। इस चौक से बड़े एवं छोटे वाहनों का आना जाना लगा रहता है। तार के झूलने के कारण वाहनों को पार करने में परेशानी हो रही है, साथ ही दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। करेठी चौक से विद्युत कर्मी और अधिकारी गुजरते हैं किन्तु झूलते तार को दुरूस्त नहीं कराया जा रहा है।

### नबीन के अध्यक्ष बनने पर मनाया जश्न

**सड़क अतरिया।** भाजपा के अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन के निर्विरोध



निर्वाचित होने पर भाजपा नर्मदा मंडल ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के आतिथ्य में जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने श्रीराम जानकी, हनुमान एवं राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात राम मंदिर के सामने आतिशबाजी किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पार्टी को सीधा लाभ मिलेगा। पार्टी पहले से अधिक मजबूत, सक्रिय और विस्तृत होगी। इस मौके ष आनंद सिन्हा, मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, डोमारसिंह भेड़िया, ज्योति जंघेल, राधे मोहन वैष्णव, भीखु हिरवानी, खेलन वर्मा, बालकिशन जंघेल, अनुज साहू, रमेश जंघेल, पवन पटेल, डेरालाल मसखरे, लालचंद पटेल, केशलाल मंडावी, ओमप्रकाश जंघेल, देवलाल साहू, दुर्गेश जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, ऋषभ सिन्हा, महेश जंघेल, मिथलेश जैन, लोमश वैष्णव, धनेश जंघेल, अश्वनी वैष्णव, उमेश वैष्णव, सुरेन्द्र जंघेल, रतिराम, गजराज जंघेल, उतरा जंघेल, दल्लु यादव, मुन्ना सहित अन्य मौजूद थे।

### लंबी कूद में शैलेष विजेता

**खड़गांव।** विद्या श्री विजडम स्कूल के छात्र शैलेष कुमार यादव ने जिले में



परचम लहराया है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होने के बाद उन्होंने निरंतर अभ्यास कर लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। प्रदर्शन के आधार पर शैलेष का चयन प्रदेश स्तरीय स्पर्धा के लिए किया गया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और अपने गुरुजनों को दिया। स्कूल के प्राचार्य ने छात्र शैलेष यादव की शानदार सफलता के लिए बधाइयां दी है।

### भागवत कथा 27 तक



**घुमका।** ग्राम भैंसातरा में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। यह आयोजन आगामी 27 जनवरी तक चलेगा। पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य महाराज के शिष्य आचार्य झम्मन शास्त्री का कथा का वाचन कर रहे हैं।आयोजन के दूसरे दिन उन्होंने कहा कि अनादि काल से भक्त मां भगवती की उपासना कर रहे हैं। मां भगवती की शक्ति की आवश्यकता ब्रह्मा, विष्णु, महेश को भी पड़ते रही है। श्री शास्त्री ने कहा कि मां भगवती को याद करने से उनकी कृपा निरंतर प्राप्त होती है।

## मुस्लिम समाज ने विरोध जताते सौंपा ज्ञापन

# वर्ग विशेष के नाम काटने की शिकायत से लोगों में आक्रोश

## माहौल खराब करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

एसआईआर के तहत मुस्लिम समाज के लोगों के नाम कटवाने के लिए की गई कथित शिकायतों से क्षेत्र में चिंता और आक्रोश का माहौल है। समाज के लोगों ने आरोप लगाया है कि अंतिम तारीख के एक दिन पहले बड़ी संख्या में नाम कटवाने संबंधी आवेदन बीएलओ के पास जमा किए गए, जिससे संदेह और भय की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

मुस्लिम समाज का कहना है कि जिन लोगों के नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज हैं, उनके खिलाफ भी नाम काटने की शिकायतें की गईं, जो अनुचित और दुर्भावनापूर्ण है। समाज का आरोप है कि जानबूझकर मुस्लिम समाज के लोगों को टारगेट किया और नगर का माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है।



### तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

यह जानकारी मिलने पर मुस्लिम समाज के लोगों ने एकत्रित होकर फर्जी शिकायत करने वालों के खिलाफ जांच व सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि नगर में मुस्लिम समाज के लोग वर्षों से निवास कर रहे है। दादा, पिता, भाई-बहन आदि के नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं, फिर भी कुछ मामलों में केवल बेटियों या परिवार के सदस्यों के नाम काटने की शिकायतें की गईं है, जो संदेहास्पद है। मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और फर्जी शिकायत करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है ताकि किसी भी समुदाय में भय का माहौल न बने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता बनी रहे।

### इन्होंने सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन सौंपने के दौरान शेख निजामुद्दीन, शेख इब्राहिम, हाफिज इलियास, अहमद रिजवी, सज्जाक खान, इमरान खान, आमिर खान, अफजल खान, दादू खान, अमजद खान, शेख फरीद खान, शेख नजारुद्दीन, साजिद खान, सैयद आबिद अली, माजिद खान, अख्तर सोलंकी, रेहान बाबा राजा, शोएब खान, शेख वाजिद सहित बड़ी संख्या में अन्य उपस्थित थे।

## अज्ञात लोगों द्वारा फेंका गया 28 कट्टा धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

धान खरीदी के अंतिम दौर में परिवहन के दौरान चोरी का खेल शुरू हो गया है जिसका खुलासा बुधवार को तब हुआ जब एक निजी आईटीआई परिसर में लावारिस हालत में 28 कट्टा धान बरामद हुआ। धान को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मंगलवार शाम को अनलोड करने का पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

उल्लेखनीय है कि धान खरीदी के साथ उसका परिवहन भी किया जा रहा है। अंचल एवं एमएमए जिला के विभिन्न खरीदी केन्द्रों के धान को बीजाभांठा स्थित संग्रहण केन्द्र में लाया जा रहा है। बताया जाता है कि एमएमए जिला के गोटाटोला केन्द्र से मंगलवार को धान लाया गया था। बीजाभांठा संग्रहण केन्द्र में अनलोड करने के बाद में ट्रक ने वापसी के दौरान मोहड़ के पास संचालित कमलादेवी आईआईटी परिसर में 28 कट्टा धान डंप कर फरार हो गया है। यह धान कहां का है और आईआईटी परिसर में लावारिस हालत में क्यों छोड़ा गया जांच का विषय है।

इस मामले की आईआईटी के संचालक संदीप जैन ने थाने और अनुविभागीय अधिकारी से शिकायत की है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि आईआईटी का मुख्य गेट बंद रहने के दौरान अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 28 कट्टा धान लावारिस हालत में डंप किया गया है। यह धान कहां से किसने लाया इसकी जानकारी उन्हे नहीं है। उन्होंने मामले की जांच करने की मांग की है।

### लावारिस धान जब्त

बुधवार सुबह आईआईटी परिसर में लावारिस धान होने की जानकारी मिलने के बाद तहसीलदार कमल किशोर साहू सहित राजस्व अमला ने मौके पर पहुंचा। अमला ने सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीर का भी अवलोकन किया। शाम 5.38 से 5.45 बजे तक के वीड़ियो में कोई भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा है किन्तु यह जरूर दिख रहा है कि अज्ञात लोग धान ट्रक से अनलोड कर रहे है। मंडी प्रशासन ने लावारिस धान को जब्त करते हुए अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## मंच का भूमिपूजन, नाली के लिए 4 लाख की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम में बुधवार को आयोजित मंड़ई में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। उन्होंने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने ग्रामीणों को पीएम आवास, पेयजल, महतारी वंदन, किसान सम्मान निधि, धान खरीदी आदि की जानकारी देकर लाभ लेने प्रेरित किया। इस मौके पर उन्होंने दो लाख की लागत से बनने वाले सांस्कृतिक मंच का भूमिपूजन किया। पंचायत के वार्ड क्रमांक एक में नाली के लिए चार लाख रूपये देने की घोषणा की।

जनपद सभापति ज्योति जंघेल, डोमार सिंह ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर का एक वर्ष पूर्ण होने पर मंदिर में पूजा अर्चना करने की अपील की। इस अवसर पर आनंद सिन्हा, राधे मोहन वैष्णव, मंड़ल अध्यक्ष आनंद पटेल, आनंद पटेल, भीखु हिरवानी, खेलन वर्मा, बालकिशन जंघेल, अनुज साहू, डेरालाल मसखरे, रमेश जंघेल, पवन पटेल, लालचंद पटेल, देवलाल साहू, ओमप्रकाश जंघेल, केशलाल मंडावी, दुर्गेश जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, ऋषभ सिन्हा, महेश जैन, मिथलेश जैन, लोमश वैष्णव, धनेश जंघेल, अश्वनी वैष्णव, उमेश वैष्णव, सुरेन्द्र जंघेल, कमलेश साहू, बसंत जंघेल, राजूलाल जंघेल, मनोज जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, सियम्बर जंघेल, मुन्ना यादव, दललु मौजूद थे।

## शाही स्नान से रोकना सनातनी परंपरा पर हमला

### कांग्रेस ने की संतों के दुर्व्यवहार की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रयागराज माघ मेले के दौरान जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान से रोकने एवं उनके साथ किए गए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस घटना से भाजपा का हिंदू विरोधी चेहरा सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य का अपमान सीधे तौर पर सनातन धर्म का अपमान है।



प्रेस वार्ता ने कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि हिंदुओं का मसीहा बताने वाली भाजपा सरकार संतों का अपमान कर रही है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है। वह पिछले 36 घंटे से अनशन पर बैठे हैं, जिसके बाद भी सरकार ने संवाद करने का प्रयास नहीं किया। नेताओं ने कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद 40 वर्षों से शाही स्नान करते आ रहे हैं। यह पहली बार हुआ जब उन्हें इस अखंड धार्मिक परंपरा से रोका गया है। मौनी अमावस्या का शाही स्नान सदियों पुरानी परंपरा है, जिसे न तो मुगलों ने

### सवाल उठाने की सजा

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कोमल साहू, गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, राजा गिरिराज किशोर दास का कहना है कि शंकराचार्य का एकमात्र अपराध यह है कि वह सरकार की कमियों पर सवाल उठाते हैं। अयोध्या में अधूरे राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा, महाकुंभ की अव्यवस्थाएं या कोविड काल में गंगा में तैरती लाशों का मुद्दा उठाने के कारण भाजपा सरकार उनका अपमान करने आमादा है। प्रेस वार्ता में भीखमचंद छाजेड़, संजू चंदेल, मन्नू चंदेल, देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, अरुण भारद्वाज, संदीप सिरमौर, टीलेश साहू, अमित टंडन, यादराम साहू, रिंकू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## सेजेस में बाल नेत्र सुरक्षा अभियान

### 110 बच्चों की हुई जांच, जरूरतमंदों को मिला चश्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य को प्राथमिकता देते हुए पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल (सेजेस) गंडई में समग्र बाल नेत्र सुरक्षा अभियान के तहत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय खैरागढ़ की नेत्र विशेषज्ञ सुश्री एकता चंद्राकर ने पूर्व माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं की आंखों की बारीकी से जांच की।

शिविर के दौरान कुल 110 विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण किया गया। जांच में जिन बच्चों की दृष्टि में दोष या अन्य समस्याएं पाई गईं, उन्हें विशेषज्ञ द्वारा उचित परामर्श और उपचार की सलाह दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आंखों की देखभाल, डिजिटल स्क्रीन से बचाव और स्वस्थ खान-पान की आदतों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।



### बच्चों को दी उपयोगी जानकारी

नेत्र परीक्षण के पश्चात दृष्टि दोष से प्रभावित पाए गए विद्यार्थियों कृन्जल देवांगन, विनीता देवांगन, खिलेश्वरी, प्राची और जानवी को विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ द्वारा चश्मे वितरित किए गए। बच्चों को निर्देशित किया गया कि चश्मा लगाने में किसी भी तरह की असहजता होने पर वे तत्काल अपने शिक्षकों को सूचित करें। विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार ददरया ने बताया कि बच्चों की समग्र स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक मुकेश यादव सहित शिक्षक दुर्गेश सेन, यश जंघेल, रोहन दिवाकर, देव चरण, कोमल सिंह और रविश भारती का विशेष योगदान रहा।

### हिन्दू सम्मेलन आज

**छुरिया।** आदर्श ग्राम डूमरडीह में कल विशाल हिन्दू सम्मेलन, तथा 22 से 30 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। पंडित लोकेश महाराज लाल बहादुर नगर भागवत कथा का वाचन करेंगे। शुभारंभ 22 जनवरी को कलश यात्रा के साथ होगा। इसी दिन बेदी पूजा एवं गौकर्णी कथा का आयोजन होगा। प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे**
**मामला क्रमांकः 202601092200051**
विषयः- अ-6 अ सनः- 2025-2026
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
बधियाटोला प.ह.न. 00023 [50 (0.2020 हे.)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - गुरुशरण सिंह,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक गुरुशरण सिंह आ. गुरुचरण सिंह जाति सिक्ख उम्र 50 वर्ष निवासी बुधवारी पारा डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के संयुक्त परिवार के कृषि भूमि ख.न. 50 रकबा 0.50ए./0.202 हे. ग्राम बधियाटोला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव में स्थित है। उक्त कृषि भूमि का विधिवत फौती नामांतरण क्रं. 50/47 आदेश दिनांक 07/05/2010 के माध्यम से विधिवत हुआ है। उक्त खाते की कृषि भूमि में आवेदक के सहखातेदार जसपाल सिंह द्वारा राजनांदगाँव की संपत्ति में अपना हिस्सा लेने के कारण उक्त खाते से अपना नाम विलोपित करवाने हेतु सहमति व्यक्त कर नामांतरण पंजी में विधिवत अपना हस्ताक्षर किये है। उक्त भूमि के ऑनलाइन राजस्व अभिलेखो में सहखातेदार के रूप में जसपाल सिंह आ. पंजाब सिंह नाम दर्ज है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। अतः उक्त भूमि के ऑनलाइन अभिलेखों में नामांतरण क्रं. 50/47 आदेश दिनांक 07/05/2010 के अनुसार जसपाल सिंह आ. पंजाब सिंह का नाम विलोपित कर शेष खातेदारो का नाम यथावत रखा जाने का निवेदन किया गया है। मो. 9425244341

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 04/02/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/01/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

Neelkanth Janbandhu
**तहसीलदार**
**तहसील - डोंगरगढ़**

## ग्रामीणों के सहयोग से हुआ समूचा आयोजन

# नेवासपुर में जिला स्तरीय खेल 700 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

केसीजी जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बरबसपुर के आश्रित ग्राम नेवासपुर में दो दिवसीय जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस खेल में जिले के चार जोनों खैरागढ़, जालबांधा-मुढ़ीपार, साल्हेवारा-गंडई और छुईखदान से आए लगभग 700 नन्हें खिलाड़ियों ने अपनी खेल कला और दमखम का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के दौरान प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के बच्चों के बीच कबड्डी, खो-खो, रिले रेस और योगा जैसे सामूहिक खेलों के रोमांचक मुकाबले हुए। वहीं व्यक्तिगत स्पर्धाओं में 100 से 800 मीटर की दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक और चक्र फेंक के साथ-साथ पारंपरिक खेलों जैसे फुगड़ी, आलू दौड़, चम्मच दौड़, जलेबी दौड़ और सुई-धागा प्रतियोगिता ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

खेलों के साथ-साथ रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने ग्रामीणों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों और स्मृति चिन्हों से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह रहे एवं अध्यक्षता खम्मन ताम्रकार ने की। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, रवि भवनानी और जनपद सदस्य तसील पटेल सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



### समापन पर विजेता छात्र पुरस्कृत

बताया गया कि समापन समारोह ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू लाल चंदेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों ने बच्चों को हार-जीत से ऊपर उठकर खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता ग्राम पंचायत बरबसपुर और नेवासपुर के ग्रामीणों का जन-सहयोग रहा। सरपंच आकाश बंजारे और उनकी टीम ने 700 खिलाड़ियों के ठहरने और भोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था की, जिसकी अधिकारियों और खिलाड़ियों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। आयोजन को सफल बनाने में पेंडरवानी संकुल के शिक्षकों, पीटीआई ताजू खान गोरी, संकुल समन्वयकों और सफाई कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**चिचोला।** सड़क दुर्घटना में बागनदी के एक युवक की मौत हो गई। मृतक सूरज यादव पिता गोरी यादव उम्र 27 वर्ष निवासी बागनदी निवासी रोज की तरह राजमिस्त्री का काम कर देवरी से बागनदी आ रहा था। महाराष्ट्र के भरेगांव के पास रांग साइड से आ रहे ट्रक ने बाइक से आ रहे युवक को कुचल दिया। घटना के बाद चालक ट्रक को खड़ा कर भाग गया। मृतक की 2021 में शादी हुई थी और उसका ढाई वर्ष का बच्चा भी है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे नागरिकों की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुनी।कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश



दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनमानस उम्मीद लेकर जनदर्शन में आते है। उनकी समस्याओं का प्राथमिकता देते समाधान करें। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, आधार कार्ड बनवाने, सीमांकन, अतिक्रमण हटाने, पट्टा, भू-अर्जन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला कल

**डोंगरगांव।** प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार जिला भाजपा राजनांदगांव द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला एवं सम्मेलन का आयोजन आगामी 23 जनवरी को तुमड़ीबोड़ स्थित भंसाली फार्म हाऊस में रखा गया है। कार्यशाला एवं सम्मेलन में संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों एवं दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। जिला संयोजक दिनेश गांधी ने बताया कि सम्मेलन में सांसद संतोष पांडे, प्रदेश भाजपा महामंत्री नवीन मारकंडे, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला प्रभारी जितेंद्र वर्मा, जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत शामिल होंगे।

### विधायक हर्षिता ने श्रमिकों से की मुलाकात



**डोंगरगढ़।** शिवपुरी में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने श्रमिकों से मुलाकात किया। उन्होंने योजना में किए जा रहे बदलाव से होने वाले नुकसान से मजदूरों को अवगत कराया।

### छात्राओं को साइकिल का वितरण

**डोंगरगढ़।** डॉ अम्बेडकर विद्यालय में सरस्वती सायकल योजना के तहत छात्राओं को सायकल दिया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की 15 छात्राओं को सायकल वितरित किया गया। मुख्य अतिथि पार्षद डॉ रेखा राघोते एवं डॉ राजेश राघोते ने छात्राओं को सायकल की चाबी सौंपी।अध्यक्षता प्राचार्य सूर्यवता तूरे ने की। इस मौके पर शिक्षक ए ब्राह्मणकर, आर मोहने, बी पोद्दार, एस पटेल, टी भावे, एम गजभिए, डी दुतारा, एच यादव, आर सक्सेना, जे बनाफर, पी बॉम्बडे, पी भास्कर आदि उपस्थित थे।

### किसान ने प्रशासन से लगाई गुहार

**छुरिया।** जिले के छुरिया क्षेत्र में किसान के धान को अवैध बताकर प्रशासन द्वारा कार्रवाई किए जाने का मामला सामने आया है। इसको लेकर अब किसान ने कलेक्टर से गुहार लगाते धान विक्रय हेतु टोकन जारी करने मांग की है। छुरिया क्षेत्र के ग्राम पिनकापार निवासी किसान गोवर्धन साहू ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि पिनकापार में उनके स्वतंत्र खाते पर 3 एकड़ 62 डिसमील कृषि भूमि है और तेलीनबांधा में 8 एकड़ 54 डिसमील कृषि भूमि सामीलात खाते में है, जिस पर पंच बंटवारा के अनुसार लगभग 3 एकड़ 50 डिसमील जमीन पर स्वतंत्र रूप से बिना विवाद के काबिज होकर कृषि कार्य कर रहे हैं। अपनी धान की उपज को उन्होंने कचरा उड़ाने के लिए गांव के ही लक्ष्मण यादव के कोठार में रखा था। लगभग 400 कट्टे में उक्त धान को तहसीलदार द्वारा अवैध भंडारण बताकर जब्त कर लिया गया और धान बिक्री के लिए टोकन प्रदान करने व खरीदी कि लिए रोक लगा दिया।

## वार्डों में किया जा रहा नि:शुल्क दवाईयों का वितरण

# 4 हजार लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों एवं मोहल्लों में नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ देने राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से वार्डों में जाकर नि:शुल्क बीमारियों की जांच कर दवा का वितरण किया जाता है।

शासन से नगर निगम के लिए प्राप्त 5 मोबाइल मेडिकल यूनिट वेन प्रतिदिन श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों एवं वार्डों में जाकर नि:शुल्क जांच कर रही है। स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ नि:शुल्क दवा वितरण एवं लैब टैस्ट भी किया जा रहा है। जिसका संस्कारधानी राजनांदगांव में अच्छा प्रतिसाद मिला है और लोगों को



इससे स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि पांचो मोबाइल मेडिकल यूनिट वेन निगम सीमाक्षेत्र में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से वार्डों एवं श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में दिन तथा तिथि के अनुसार जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे हैं। जिसमें लोग स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ नि:शुल्क लैब टेस्ट एवं नि:शुल्क दवा का लाभ ले रहे हैं। इसके अलावा मोबाइल मेडिकल यूनिट वेन शासकीय व निजी स्कूल, कॉलेज के अलावा निगम सीमाक्षेत्र के छात्रावास, बाल सम्प्रेषण गृह तथा वृद्धा आश्रम में जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवा का वितरण कर रहे हैं।

**हितग्राहियों का उपचार**

योजना प्रारंभ से 5 मोबाइल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से गत वर्ष 2025 में जनवरी से दिसंबर 2025 तक 01 हजार 548 कैम्प लगाया गया। कैम्प में कुल 77 हजार 468 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 72 हजार 971 मरीजों को फ्री में दवा वितरण किया गया एवं 26 हजार 76 लोगों का लैब टेस्ट किया गया है। इसी प्रकार इस वर्ष 2026 के प्रारंभ में 20 जनवरी तक 35 कैम्प का आयोजन हुआ है। जिसमें कुल 3 हजार 977 हितग्राहियो का उपचार किया गया तथा 3 हजार 829 लोगों को दवा वितरण कर 670 लोगों का लैब टेस्ट किया गया।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बसंतपुर रोड स्थित खान नर्सिंग होम के समीप संचालित श्री राधेश्याम ऑर्थो केयर द्वारा अपनी संस्था के द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर 22 से 23 जनवरी को 2 दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर एमबीबीएस, एमएस ऑर्थोपेडिक्स (मुंबई) डीएनबी ऑर्थोपेडिक्स, एमएनएएमएस, एफआईएएम डॉ. योगेश सोनी ने बताया कि इस शिविर का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक होगा। इस शिविर में नि:शुल्क हड्डी रोग परामर्श, नि:शुल्क बीएमडी टेस्ट, यूरिक एसिड टेस्ट और एक्स-रे एवं लैब जांच में 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर में पहली बार वाइटल पीटी मशीन द्वारा एवं नि:शुल्क परामर्श होगा। जिसमें डॉ. दीपक पटेल द्वारा अपनी सेवा दी जाएगा।

## सांसद व महापौर के करकमलों से होगा स्वदेशी मेले का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ आज से सजेगी स्वदेशी वस्तुओं से संस्कारधानी

भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने वर्षों से प्रयासरत भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव में स्वदेशी मेले का भव्य उद्घाटन कल 22 जनवरी को संध्या 6 बजे स्टेट स्कूल मैदान में होने जा रहा है। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडे व महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन अवसर पर श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत सह-संयोजक शीला शर्मा एवं नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

संयोजक विनोद डड्ढा एवं स्वागत समिति के अध्यक्ष योगेश बागड़ी ने बताया कि प्रदेश में संपन्न होने वाले प्रतिष्ठित स्वदेशी मेले का लोग वर्षभर इंतजार करते हैं। जिसमें विविध स्वदेशी वस्तुओं के स्टॉल लगते हैं। सुई से लेकर बड़ी मशीनरी समानों के सभी उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध होती है। प्रतिदिन विविध प्रतियोगिताएं जिसमें श्रीफल सजाओ, रंगोली, चित्रकला, व्यंजन सजाओ, रंगभरों, वेश प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, क्राफ्ट प्रतियोगिता, आरती थाली सजाओ प्रतियोगिता जैसी अनेक प्रतियोगिताओं में लोगों को मंच प्रदान किया जाता है। स्वदेशी जागरण मंच के वरिष्ठ संरक्षक नरेंद्र ठाकुर, विष्णु साव, अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने शहर के नागरिकों से स्वदेशी मेले में उपस्थिति का आह्वान किया।

## शंकराचार्य को स्नान से रोकने का कांग्रेस ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को स्नान में जाने से रोके जाने के मामले को लेकर कांग्रेस ने कड़ा विरोध करते भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हिंदुत्व को लेकर भाजपा का दोहरा चरित्र बताया।

कांग्रेस ने कहा कि प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को शाही स्नान से रोककर उनके साथ हुए दुर्व्यवहार किया। जिसकी कांग्रेस कमेटी कड़ी निंदा करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संतों का अपमान कर रही है और आज हालात यह है कि शंकराचार्य को अनशन पर बैठने को मजबूर होना पड़ा है।

**सनातन धर्म का अपमान**




कांग्रेस ने कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पिछले 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं और यह पहली बार है, जब उन्हें इस अखंड धार्मिक परंपरा से रोका गया है। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या का शाही स्नान एक अखंड परंपरा है। भाजपा सरकार ने शंकराचार्य को स्नान से रोककर सनातन परंपरा का अपमान किया है।

**समर्थकों के साथ मारपीट**

भाजपा सरकार शंकराचार्य एवं उनके समर्थकों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है। उनके शिष्यों को बाल पकड़कर घसीटा जा रहा है। कांग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि शाही स्नान जैसी सदियों पुरानी परंपरा को रोकने का दुस्साहस किसी सरकार को कैसे हुआ। जबकि इस परंपरा को न मुगलों ने रोका था और न ही अंग्रेजों ने।

**कांग्रेस करेगी जनजागरण अभियान**

जितेन्द्र मुदलियार ने कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अयोध्या में आधे-अधूरे राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पर आपत्ति जताते हैं, महाकुंभ में अव्यवस्थाओं और कोविड काल के दौरान गंगा में तैरती लाशों का उल्लेख किया था, इसीलिए भाजपा उनका अपमान करने पर तुली है। उन्होंने कहा कि इस मामले में लोगों के बीच जाकर जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

### बुद्धूभरदा मड़ई 23 को

**राजनांदगांव।** समीपस्थ ग्राम बुद्धूभरदा में कल 23 जनवरी को मंडई का कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर रात्रि में लोककला डांस परिवार माटी पुत्र नाच पार्टी ग्राम ताराउद जिला बालोद वालों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ग्रामीणों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन का लुत्फ उठाने की अपील की है।

### स्थापना दिवस 25 को

**राजनांदगांव।** ग्राम बोईरडीह में आगामी 25 जनवरी को भारत माता मूर्ति स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन बालकृष्ण रामधुनी मंडली के संगठन के 29वें वर्ष तथा भारत माता मूर्ति स्थापना के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते संचालक हरिचंद पटेल (राजा) ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर है और आयोजन को ऐतिहासिक बनाने ग्राम स्तर पर व्यापक सहयोग मिल रहा है।

### सौर ऊर्जा से रोशन हुआ घर

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से न केवल बिजली की बचत हो रही है, बल्कि स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा भी मिल रहा है।

अंबागढ़ चौकी के नगर पंचायत के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने इस योजना का लाभ लेकर शहर के हजारों लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गए हैं।

## गंधर्व जयंती व बसंत पंचमी महोत्सव पर आयोजन 23 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ गंधर्व (गांड़ा) समाज द्वारा मोक्षधाम सांकरदाहरा में 23 जनवरी को 28वां संगीत शिरोमणि श्री चित्र रथ गंधर्व जयंती एवं बसंत पंचमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समाज के जिला अध्यक्ष राजकुमार महानंदिया ने बताया कि कलश यात्रा से आयोजन की शुरूआत होगी। वहीं मां सरस्वती व शंकर एवं चित्ररथ गंधर्व की पूजा, सामाजिक अतिथियों का स्वागत, समाज प्रमुखों का उद्बोधन, बाल कलाकारों का सांस्कृति कार्यक्रम, युवक-युवती परिचय सम्मेलन सहित विभिन्न आयोजन किए जाएंगे । कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8 बजे से शाम 5 तक किया जाएगा।




# विधायक ने किया 21 लाख के भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम सड़क अतरिया में आयोजित मंड़ई मेला महोत्सव में बुधवार को खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा शामिल हुई। इस मौके पर उन्होंने पूर्व माध्यमिक शाला का 15 लाख 70 हजार से निर्मित अतिरिक्त कक्ष तथा 5 लाख रूपये से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने डोम शेड के लिए 10 लाख तथा सीसी रोड के लिए एक लाख रूपये देने की घोषणा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मोतीलाल जंघेल ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नीलाम्बर वर्मा, जिला सदस्य निर्मला विजय



वर्मा, प्रदेश किसान महासचिव कामदेव जंघेल, पूर्व जनपद सदस्य कविता जंघेल, हेमंत वैष्णव, अशोक जंघेल, कन्हैय्या दास वैष्णव, कैलाश वर्मा, घसिया राम, संतोष यदु, सरपंच सोनम लोमश वैष्णव, धनेश जंघेल शामिल हुए। मंच को संबोधित करते हुए श्रीमती वर्मा ने कहा कि गांव में आधार भूत सुविधा उपलब्ध कराना उनका प्रमुख उद्देश्य है। स्कूल के छात्र लम्बे समय से जर्जर भवन में अध्यन करने मजबूर थे। अब यह समस्या दूर हो गई है तथा सामाजिक कामों में सामुदायिक भवन की उपयोगिता पूर्ण हो गया है। मंच को संबोधित करते हुऐ मोतीलाल जंघेल एवं सरपंच प्रतिनिधि लोमश वैष्णव ने विधायक का आभार जताया। कार्यक्रम में अश्वनी वैष्णव, राधे मोहन वैष्णव, लीला बाई जंघेल, संतोषी बाई जंघेल, मिथला जंघेल, उमेश जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, मेलन बाई मेंरावी, लीला बाई, कल्पेश मंडावी, कुमारी बाई यादव, संगीता निर्मलकर, उत्तर कुमार जंघेल, रामकृष्ण वैष्णव, बल्लु राम जंघेल, कमलेश साहू, विष्णु राम जंघेल, पीताम्बर, बैजू राम जंघेल, बसंत जंघेल, देवकुमार जंघेल, अमीलाल जंघेल, तुलसी राम पाल सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी**
**जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**
**राजस्व मामला क्रमांक 202601093700034**
**अ-6 वर्ष 2025-26**
**-:: ईश्तहार :: -**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलेश सोनी आ. संजय सोनी, निवासी सागर इलेक्ट्रिक के सामने, ब्राम्हणपारा, तहसील व जिला-राजनांदगांव के द्वारा शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला गंजलाईन स्थित शीट क्रमांक 48 डी. भूखण्ड क्रमांक 240/3, क्षेत्रफल 116.67 वर्गमीटर जो धारकगण सलमान मेमन, शोएब मेमन दोनों आ. स्व. इमरान मेमन, ना.बा. सूमैरा मेमन आ. स्व. इमरान मेमन वली पालक माता मुमताज मेमन व खुद मुमताज मेमन ध.प. स्व. इमरान मेमन, निवासी-गंजलाईन, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड में से क्षेत्रफल 19.8240 वर्गमीटर पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत्तः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 05.02.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी**
**जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**
**राजस्व मामला क्रमांक 202601093700033**
**अ-6 वर्ष 2025-26**
**-:: ईश्तहार :: -**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलेश सोनी आ. संजय सोनी, निवासी सागर इलेक्ट्रिक के सामने, ब्राम्हणपारा, तहसील व जिला-राजनांदगांव के द्वारा शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला गंजलाईन स्थित शीट क्रमांक 48 डी, भूखण्ड क्रमांक 240/2, क्षेत्रफल 73.65 वर्गमीटर जो धारक हासमभाई आ. तार मोहम्मद, निवासी मामा भांजा मजार के पास गंजलाईन, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड़ में से क्षेत्रफल 33.7200 वर्गमीटर पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 05.02.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**



लघु सिंचाई व जल निकाय गणना कार्यों की समीक्षा कर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश

# कलेक्टर ने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेखों का वितरण किया जाना है। इसके लिए सभी तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र के लंबित मामलों का जल्द से जल्द निराकरण कर निर्धारित तिथि तक काम पूरा करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री वर्मा ने योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण लोगों को उनके मकान और भूमि का कानूनी अधिकार देने की एक महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी जरूरी दस्तावेज समय पर तैयार करने और वितरण की पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए। यह निर्देश कलेक्टर श्री वर्मा ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए।

कलेक्टर ने बैठक में तहसीलवार राजस्व से संबंधित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने समय सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें और बिना किसी देरी के समय सीमा के भीतर काम पूरा करें। कलेक्टर ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामलों की नियमित समीक्षा की जाए। बैठक में अपर कलेक्टर विनय पोयाम, नरेंद्र पैकरा, एसडीएम पंडरिया संदीप ठाकुर, कवर्धा चेतन साहू, बोड़ला सागर सिंह, सहसपुर लोहारा श्रीमती शिल्पा देवांगन, डिप्टी कलेक्टर आर बी देवांगन, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने की जरूरत



कलेक्टर ने कहा कि अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, त्रुटि सुधार के प्रकरणों में अनावश्यक देरी न की जाए और तय समय सीमा के भीतर मामलों को सुलझाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि विवादित प्रकरणों के लिए पूर्व में निर्धारित समय सीमा का सख्ती से पालन हो और इनके समाधान में गंभीरता बरती जाए। कलेक्टर ने बैठक के दौरान अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने और नागरिकों को त्वरित सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने तहसीलवार अविवादित और विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन, नक्शा बटांकन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में ऐसे तहसील जिनकी प्रगति प्रतिशत कम है, उन्हें इस मामले में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। विवादित प्रकरण के मामले भी समय सीमा से ज्यादा लंबित न हो। उन्होंने छूटे हुए बच्चों के अपार आईडी निर्माण के लिए तहसील स्तर पर सभी आवश्यक दस्तावेज निर्माण और कलेक्शन के संबंध में जानकारी ली। श्री वर्मा ने लघु सिंचाई संगणना एवं द्वितीय जल निकायों गणना की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने पाया कि इस कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। इस पर कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में राजस्व निरीक्षकों के माध्यम से सभी पटवारियों को लघु सिंचाई संगणना एवं द्वितीय जल निकायों से संबंधित मोबाइल एप से इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से करते हुए शत-प्रतिशत पूर्ण कराया जाए। इस दौरान उन्होंने एसआईआर के अंतर्गत चल रहे कार्यों की भी जानकारी ली और कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# नवनियुक्त महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बबली साहू ने विधायक से की सौजन्य मुलाकात

- बबली साहू सहित नवनियुक्त महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने विधायक का जताया आभार।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



भाजपा महिला मोर्चा के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष बबली साहू ने महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा से की सौजन्य मुलाकात की। जिला भाजपा महिला मोर्चा कबीरधाम अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी ने भाजपा महिला मोर्चा जिला कबीरधाम की विस्तार करते हुए 4 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 5 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 30 कार्यकारणी सदस्य व 10 स्थायी सदस्य तथा 19 विशेष आमंत्रित सदस्य एवं 14 मण्डल अध्यक्षों सहित जंबो टीम की घोषणा की हुई, जिसमें भाजपा महिला मोर्चा मण्डल कुण्डा अध्यक्ष पूर्व महामंत्री बबली साहू की नियुक्ति की है। मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बनने के पश्चात बबली साहू ने मण्डल अंतर्गत महिला कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा से उनके गृह निवास रणवीपुर में सौजन्य मुलाकात कर विधायक भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बबली साहू, सुमन गुप्ता, सरिता वैष्णव, सृष्टि सोनी, निधि चंद्राकर, इंद्राणी कश्यप सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## अंडर-15 एवं 19 बालिका-महिला क्रिकेट टीम का सलेक्शन ट्रायल्स 30 को

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ रायपुर के निर्देशानुसार 30 जनवरी को छत्तीसगढ़ वेस्ट जोन अंडर-15 एवं 19 बालिका-महिला क्रिकेट टीम का सलेक्शन ट्रायल्स राजनादगांव क्रिकेट ग्राउंड में प्रातः 9.00 बजे से रखा गया है। सिलेक्शन ट्रायल्स में कट ऑफ डेट निम्नानुसार है अंडर-15 हेतु दिनांक 01 सितम्बर 2011 से 31 अक्टूबर 2014 तक व अंडर-19 हेतु दिनांक 01 सितम्बर 2007 पश्चात जन्मतिथि वाले ही सलेक्शन ट्रायल्स में भाग ले सकेंगे। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। जिसमें जिला क्रिकेट संघ का पंजीयन, 02 नग नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, पिछले 06 वर्षो की अंकसूची, डिजीटल एवं मैनुअल जन्म प्रमाणपत्र, पीवीसी आधार कार्ड (नवीनतम फोटो सहित), आधार कार्ड, जिले का निवास प्रमाणपत्र ट्रायल्स में खिलाड़ियों को स्वयं के कीट में उपस्थित होना आवश्यक है। जिले के समस्त महिला क्रिकेट ड्यूस बॉल खिलाड़ी, स्थानीय पीजी कालेज धमतरी स्थित क्रिकेट स्टेडियम में 25 जनवरी के पूर्व, उपरोक्त दस्तावेज सहित पंजीयन के लिए संजय तिवारी सह सचिव से सम्पर्क कर, अपना पंजीयन करा सकते है, ताकि 30 जनवरी 2026 को राजनांदगांव क्रिकेट ग्राउंड में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। यह जानकारी बलबीर खनूजा सचिव जिला क्रिकेट संघ द्वारा दिया गया।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से की भेंट-मुलाकातः श्रवण गिरि गोस्वामी

**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नवनिर्वाचित भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भेंट मुलाकात कर बधाई देते हुए विश्वगुरु शंकराचार्य दशनाम गोस्वामी समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष महंत श्रवण गिरि गोस्वामी पीठाधीश्वर दशनाम गोस्वामी अखाड़ा छत्तीसगढ़ ने भेंट-मुलाकात कर गुलदस्ता भेंटकर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

**Name Change of a Minor**

I DAMINI SAHU W/O PURUSHOTTAM SAHU R/o Purushottam Sahu, House No 67, Ward No 10, Rajpur, Rajpur, Kawardha, Odiakhurd, Chhattisgarh, 491995 have change the name of my minor daughter BHUNESHWARI SAHU aged 12 Years and she shall hereafter be known as JALKUMARI SAHU.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

DAMINI SAHU
[Signature of Guardian]

# कोलेगांव में रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव कथा का आयोजन 3 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 3 से 11 फरवरी तक संपन्न होगा। उल्लेखनीय है कि ग्राम कोलेगांव में पिछले 16 वर्षो से निरंतर यज्ञ परंपरा चली आ रही है, जिसमें पूरे गांव का सक्रिय सहयोग रहता है। बताया जाता है कि 3 फरवरी को जल यात्रा, पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश, 4 फरवरी को वैदिक स्थापना, अरणि मंथन एवं आहुतियों का शुभारंभ तथा 11 फरवरी को यज्ञ पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा, महाआरती, शोभायात्रा एवं ब्राह्मण भोज का आयोजन किया जाएगा। इस रुद्र महायज्ञ के यज्ञाचार्य पं योगेश्वर दुबे पंडरिया एवं उपाचार्य वेदाचार्य पं महेश्वर प्रसाद द्विवेदी कारेसरा होंगे। वहीं शिव कथा प्रवचन पं सागर मिश्रा पांडातराई, श्रीमती रश्मि शास्त्री झांसी, मध्यप्रदेश एवं आर्य त्रिपाठी बटूराकछार के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को सुनने का सौभाग्य प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय विधायक उत्कृष्ट भावना बोहरा द्वारा यज्ञ मंच की घोषणा की गई थी, जिसके तहत वर्तमान में यज्ञ मंच का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। इसी नवीन यज्ञ मंच पर इस वर्ष का संपूर्ण रुद्र महायज्ञ संपन्न होगा। ग्राम पंचायत सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में आयोजन की तैयारियां जोर शोर से किया जा रहा हैं। यज्ञ को लेकर ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्सव और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है, इस पावन आयोजन को सफल बनाने हेतु समस्त ग्रामवासी तन, मन और धन से सहयोग कर रहे हैं।



## संगीत संकल्प शाखा कवर्धा समारोह-2026 का भव्य आयोजन

**हरिभूमि कवर्धा।** संगीत संकल्प शाखा कवर्धा द्वारा संगीत संकल्प समारोह-2026 का भव्य आयोजन स्थानीय पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं शाखा के सदस्यों द्वारा मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गणेश तिवारी द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र मिश्रा, नाथ योगी समाज के मार्गदर्शक रूपेंद्रनाथ शिवोपासक उपस्थित थें। संगीत संध्या की शुरुआत शारदा संगीत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से की गई। तत्पश्चात सुरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। वहीं अंकुर गुप्ता द्वारा भावपूर्ण गजलों की प्रस्तुति दी गई। खैरागढ़ से आए युवा कलाकार वायलिन वादक मानस मयंक, सितार वादक इक्षेश सेठिया एवं तबला वादक रामकृष्ण पटेल द्वारा वायलिन सितार एवं तबला की प्रभावपूर्ण जुगलबंदी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की अंतिम श्रृंखला में कोलकाता से पहुंची श्रीमती दीपांविता चक्रवर्ती द्वारा उपशास्त्रीय एवं सुगम संगीत की प्रस्तुति से श्रोता भाव-विभोर हो उठे, इस प्रस्तुति में उनका साथ बांसुरी संगतकार डॉ बिहारी तारम खैरागढ़ एवं प्रसिद्ध तबला वादक दीपक दास महंत खैरागढ़ ने कार्यक्रम को नयी ऊंचाई प्रदान की। प्रस्तुति के दौरान श्रोताओं की फरमाइश पर श्रीमती चक्रवर्ती द्वारा बेगम अख्तर, उस्ताद गुलाम अली, जगजीत सिंह की क्लासिक गजलें भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता जे के सिंह एवं अंकुर गुप्ता द्वारा किया गया। शाखा के अध्यक्ष राधेश देवांगन, निदेशक प्रबुद्ध शर्मा, प्रदीप शर्मा, हरणदास मानिकपुरी, मारुति शरण शर्मा द्वारा समस्त अतिथियों एवं कलाकारों को स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में शाखा के योगेश नाथ योगी, रामखिलावन लांजेकर, लोकनाथ साहू, योगेंद्र दास मानिकपुरी, तुलेश्वर शर्मा, कौशल सोनी, आर्यन नाथ योगी का विशेष सहयोग रहा।

# सनातन संस्कृति संरक्षण के लिए ग्राम कुई में महामंथन, मोबाइल नहीं, बच्चों को दें संस्कारः पाठक



हरिभूमि न्यूज ⏭कुई/कोदवा-गोडान

ग्राम कुई स्थित चंडी मंदिर प्रांगण में बीते मंगलवार को सनातन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लेकर समाज में व्याप्त नशाखोरी जैसी कुरीतियों के चलते निरंतर बढ़ रहे अपराध और धर्म विरोधी गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडरिया के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रघुनंदन पाठक ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में हिंदू धर्म और संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों से सीधा आव्हान करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को मोबाइल थमाने के बजाय उन्हें अपनी धार्मिक परंपराओं और संस्कारों से जोड़ें। इसके लिए हर अभिभावक को स्वयं जन जागरूक होना होगा, उन्होंने वनांचल क्षेत्रों में सक्रिय धर्मांतरण की शक्तियों के प्रति आगाह करते हुए इसे रोकने के लिए निरंतर जन-जागरण की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रविनंदन पांडेय ने एक अनूठी पहल का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति की जड़ें मजबूत करने के लिए यह कार्यक्रम किसी एक स्थान तक सीमित न रहकर गांव के प्रत्येक घर में क्रमशः आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने अपील की कि ग्रामों में रामायण और भजन मंडलियों के माध्यम से साप्ताहिक धार्मिक चर्चाएं नियमित रूप से आयोजित हों, ताकि हर परिवार अपनी संस्कृति से जुड़ा रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सनातन समिति की ऐसी समीक्षा बैठक हर दो महीने में आयोजित की जाएगी। जिससे क्षेत्र में होने वाली असामाजिक और धर्म विरोधी गतिविधियों पर समिति द्वारा नजर रखी जा सके।

इस अवसर पर दुर्गाचरण पांडेय, संतोष श्रीवास, साधू कोठारी,वरिष्ठ युवा नेता रामप्रसाद धुर्वे, लक्ष्मी ठाकुर और डालचंद मानिकपुरी ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में लगभग 25 ग्रामों से आए प्रतिनिधियों बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिन्होंने समाज और धर्म की रक्षा का संकल्प लिया। अंत में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक व पूर्व सरपंच कृष्ण कुमार कुंभकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### संस्कार केंद्र के माध्यम से बच्चों को संस्कारित करने की जरूरत

जिला धर्म जागरण प्रमुख राजकुमार यादव ने कहा कि समाज में सुधार और बच्चों को पाश्चात्य संस्कृति से बचाने के लिए हर गांव में संस्कार केंद्र की आवश्यकता है,ऐसे केंद्रों में अपने नौनिहालों को धर्म संस्कृति के साथ-साथ खेल-कूद और सामान्य ज्ञान की शिक्षा देते हुए उन्हें सही रास्ते पर रखा जा सकेगा। आज के बच्चे ही भविष्य के समाज की दिशा तय करेंगे इसलिए संस्कार केंद्रों की नितांत आवश्यकता है

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭मोहगांव

राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव के द्वारा ग्राम ड़ोगरिया-कला मां महामाया मंदिर में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन गत दिनों 12 जनवरी को रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में ग्राम पंचायत के सरपंच बैजनाथ चंद्रवंशी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रमेश केशरवानी तथा सदस्य अलख चन्द्रवंशी, सीताराम चन्द्रवंशी तथा जनपद सदस्य श्रीमती रानी मिथलेश चन्द्रवंशी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओ को स्वच्छता, नशामुक्ति अभियान एवं समान के प्रति सेवा काम अपनाने की प्रेरणा दी। सात दिवसीय शिविर के दौरान एनएसएस के छात्र छात्राओं द्वारा विद्यालय मंदिर परिषर, नदी, महादेव घाट एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही डोंगरिया जलेश्वर महादेव घाट पर्यटन स्थल पर भी स्वच्छता का संदेश दिया गया और लोगो को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी धर्मेन्द्र चन्द्रवंशी, प्राचार्य केआर पात्रे, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम सहायक जितेन्द्र चन्द्रवंशी, ग्राम सरपंच, सहित बड़ी संख्या में एनएसएस के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित थें।



**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202601082200007
अ/20 (4), वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रतिभा चन्द्रवंशी पति गिरीश चन्द्रवंशी साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम ने नजूल नगर कवर्धा स्थित भूमि खसरा नंबर 88/3 क्षेत्रफल 0.0260 हे. जो कि प्रतिभा, चन्द्रवंशी पति गिरीश चन्द्रवंशी के नाम पर भूमि स्वामी के रूप में अभिलेख में दर्ज है। जिसमें से आवेदिका के द्वारा क्षेत्रफल 113.46 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है।

अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 27/01/2026 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं।

अतः आज दिनांक 19/01/2026 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक - 19.01.2026
पेशी तिथि - 27.01.2026

मुहर
नजूल अधिकारी
कबीरधाम

**समक्ष-श्रीमान नोटरी महोदय कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// शपथ पत्र//**

मैं प्रवीण गुप्ता पिता नारायण गुप्ता उम्र 24 वर्ष जाति जाति बनिया, निवासी देवांगन पारा कवर्धा, तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग. का मूल निवासी हूं, जो कि शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूं कि-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे द्वारा विक्रेता नीलिमा केशरवानी पति श्री दुर्गेश केशरवानी निवासी कवर्धा, तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग. वाले से कवर्धा स्थित भूमि जिसका शीट नं. 15 भूखण्ड 17/2 है जिसे विक्रेता नासिर खान पिता अब्दुल रज्जाक खान निवासी कवर्धा, तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग. वाले से दिनांक 12 अगस्त 1999 का रजिस्ट्री कराकर क्रय किया था जिसका बयनामा की मूल प्रति कवर्धा में दिनांक 17/01/2026 को राजमहल चौक में कही गुम हो गया है जिसे काफी ढ़ढने के उपरांत भी आज दिनांक तक नहीं मिल पाया है।
3. यह कि उक्त बयनामा की मूल प्रति गुम हो जाने से मुझे काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रही है।
4. यह शपथ पत्र बयनामा का मूल प्रति गुम हो जाने की सूचना रिपोर्ट दर्ज करने हेतु प्रस्तुत है।

मुहर
शपथकर्ता

### पौधारोपण और संरक्षण के प्रति ग्रामीणों में जन-जागरूकता बढ़ रही

# मोहतरा कला के अटल उद्यान क्षेत्र में चर्चा का विषय

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव





विकासखंड पंडरिया के हृदयस्थल ग्राम मोहतरा कला में इन दिनों एक अनूठे, प्रेरणादायी और विकासोन्मुख सृजन की चर्चा चारों ओर सुनाई दे रही है। गांव में निर्मित हो रहा अटल उद्यान न केवल ग्रामीण सौंदर्य को नया आयाम दे रहा है, बल्कि यह भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों, मूल्यों और स्मृतियों को समर्पित एक जीवंत प्रतीक के रूप में भी उभर रहा है। इस महत्वाकांक्षी और जनहितकारी पहल का नेतृत्व नवनिर्वाचित निर्विरोध सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी द्वारा किया जा रहा है, जिनकी सोच और कार्यशैली की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। अटल उद्यान को किसी साधारण पार्क की तरह नहीं, बल्कि हरियाली, सौंदर्य और सामाजिक समरसता के संगम के रूप में विकसित किया जा रहा है। उद्यान में लगाए गए रंग-बिरंगे फूल, छायादार वृक्ष और सुगंधित झाड़ियां न केवल पर्यावरण को समृद्ध बना रही हैं, बल्कि यहां आने वाले लोगों को सुकून और शांति का अनुभव भी कराती हैं। हरियाली से आच्छादित यह स्थल ग्रामीण जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहा है और लोगों को प्रकृति से जुड़ने का अवसर प्रदान कर रहा है।





शाम ढलते ही अटल उद्यान और गांव को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग आकर्षक प्रकाश व्यवस्था से जगमगा उठता है। रोशनी से सजे इस मार्ग और उद्यान का दृश्य अत्यंत मनमोहक और स्वप्निल प्रतीत होता है, जो देखने वालों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के गांवों से आने वाले लोग भी इस उद्यान को देखने और इसकी सुंदरता का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। इस उद्यान को विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को ध्यान में रखते हुए शांत और सुकूनभरा स्थल बनाया गया है। यहां बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि बुजुर्ग छांव में बैठकर आपसी चर्चाएं कर सकें, अपने अनुभव साझा कर सकें और सामाजिक मेलजोल को और अधिक मजबूत बना सकें। इसके साथ ही बच्चों और युवाओं के लिए भी यह उद्यान प्रेरणादायी स्थल बन रहा है, जहां वे स्वच्छ वातावरण में समय बिता सकते हैं। अटल उद्यान में स्थापित नर्सरी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने का भी सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। पौधरोपण और संरक्षण के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ रही है, जिससे आने वाले समय में गांव और अधिक हरा-भरा बनने की उम्मीद है।

सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी का यह अभिनव और दूरदर्शी योगदान ग्राम मोहतरा कला को विकास की नई दिशा दे रहा है। बताया जा रहा है कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में इस प्रकार का यह पहला अनोखा उद्यान है, जिसकी सराहना आसपास के गांवों—कुंडा, दामापुर, कोलेगांव, भगतपुर, धनेली, पीपरमाटी, कंझेटा, कारीमाटी एवं कान्हाभैरा में भी खूब हो रही है। आज अटल उद्यान केवल मोहतरा कला की पहचान ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सौहार्द का प्रेरणास्त्रोत बनकर उभर रहा है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### विभिन्न तिथियों में पशु वध एवं मांस बिक्री निषिद्ध

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी गोपाल वर्मा ने कबीरधाम जिले में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस, 30 जनवरी गांधी निर्वाण दिवस, 15 फरवरी, महाशिवरात्री पर्व, 20 मार्च चैतीचांद, 26 मार्च रामनवमी, 31 मार्च महावीर जयंती, 14 अप्रैल डॉ. अंबेडकर जयंती और 01 मई को बुद्ध जयंती के अवसर पर पशुवध गृह एवं मांस बिक्री केन्द्रों को बंद रखने आदेशित किया है। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय निकाय विभाग मंत्रालय रायपुर के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस, गांधी निर्वाण दिवस, महाशिवरात्री पर्व, चैतीचांद, रामनवमी, महावीर जयंती, डॉ. अंबेडकर जयंती और बुद्ध जयंती के अवसर पर पशुवध गृह एवं मांस बिक्री केन्द्रों को बंद रखने आदेश जारी किया है।

### एसआईआर को लेकर बैठक आयोजित

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया एवं 72-कवर्धा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान केन्द्रों में नियुक्त बीएलओ एवं अभिहित अधिकारियों द्वारा प्राप्त की जा रही दावा-आपत्तियों की जानकारी दी गई। साथ ही प्राप्त दावा-आपत्तियों की साप्ताहिक स्थिति से राजनीतिक दलों के सदस्यों को अवगत कराया गया। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत नो मैपिंग, तार्किक विसंगतियां तथा श्रेणी ए एवं बी के मतदाताओं से संबंधित जानकारी साझा की गई। बैठक में राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) से अनुरोध किया गया कि वे मतदान केन्द्र स्तर पर नियुक्त बीएलओ एवं अभिहित अधिकारियों द्वारा प्राप्त दावा-आपत्तियों का अवलोकन करें। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि बीएलए द्वारा कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत की जानी है, तो वे नियमानुसार संबंधित बीएलओ अथवा अभिहित अधिकारी के समक्ष जमा कर सकते हैं। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रारूप 9, 10, 11क एवं 11ख की प्रतियां भी उपलब्ध कराई गईं।

# जगद्गुरू शंकराचार्य का अपमान सनातन परंपरा पर गहरा प्रहार: नवीन जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने प्रयागराज माघ मेले में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान से रोके जाने और उनके साथ किए गए दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में कांग्रेस पार्टी निंदा करती है और इसे सनातन धर्म और सदियों पुरानी परंपरा पर सीधा हमला बताया है। श्री जायसवाल ने कहा कि खुद को हिंदुओं का मसीहा बताने वाली भाजपा सरकार आज हिंदू संतों का अपमान कर रही है। हालात इतने भयावह हैं कि शंकराचार्य जी को अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है और वे पिछले 36 घंटों से अनशन पर बैठने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक उनसे संवाद का कोई प्रयास नहीं किया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शंकराचार्य का अपमान, पूरे सनातन धर्म का अपमान है। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पिछले 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं, और यह पहली बार है जब उन्हें इस अखंड धार्मिक परंपरा से रोका गया है।

मौनी अमावस्या का शाही स्नान सदियों पुरानी परंपरा है, जिसे न मुगलों ने रोका और न अंग्रेजों ने, लेकिन भाजपा सरकार ने इसे तोडऩे का दुस्साहस किया है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह ने आरोप लगाया कि शंकराचार्य और उनके समर्थकों के साथ दुर्व्यवहार किया गया, शिष्यों को बाल पकड़कर घसीटा गया, जिससे सुरक्षा की गंभीर स्थिति बनी। उन्होंने सवाल उठाया कि जब एक ओर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को जेड-प्लस सुरक्षा दी जाती है, तो दूसरी ओर शंकराचार्य के समर्थकों पर लाठियां क्यों बरसाई जाती हैं? क्या भाजपा सरकार में शंकराचार्य से बड़े कोई और हो गए हैं ? उन्होंने कहा कि शंकराचार्य का अपराध सिर्फ इतना है कि वे सरकार की कमियों पर सवाल उठाते हैं, आधे-अधूरे राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पर आपत्ति जताते हैं, महाकुंभ की अव्यवस्थाओं और कोविड काल में गंगा में तैरती लाशों जैसे सच को सामने रखते हैं। इसी कारण भाजपा सत्ता के अहंकार में उनका अपमान कर रही है। कवर्धा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने कहा कि जो लोग आज शंकराचार्य के अपमान पर चुप हैं, वे न सच्चे हिंदू हैं और न ही सनातनी। सनातन परंपरा में अन्याय के सामने मौन को कभी धर्म नहीं माना गया।

यह मौन शांति नहीं, बल्कि सत्ता और ट्रोल के डर का परिणाम है। धर्म नारों से नहीं, नैतिक साहस से जीवित रहता है मोदी–योगी काल में संत असुरक्षित उन्होंने कहा कि यह कटु सत्य है कि इस दौर में धर्म का सबसे अधिक राजनीतिक उपयोग हुआ और साधु-संतों का सबसे अधिक अपमान। मंदिर बने, लेकिन संत असुरक्षित हुए। धर्म को मंच मिला, पर परंपरा को सम्मान नहीं। यह सनातन का उत्थान नहीं, सत्ता की दलाली है। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा अनंत ने कहा कि शंकराचार्य की गरिमा रौंदी जा रही है, कल किसी और संत की बारी होगी और फिर आम हिंदू की। जो आज चुप हैं, वे भविष्य में रोने का भी अधिकार खो देंगे। प्रेस वार्ता में वीरेंद्र जांगड़े, गणेश योगी, गोपाल चंद्रवंशी, कल्याणी टोन्डर, चोवाराम साहू, प्रशांत परिहार, नीलकंठ साहू, टीकम शर्मा, भीषम पांडे, राजेन्द्र चंद्रवंशी, राजेन्द्र मार्कण्डेय, भरत साहू,धनेश पाली, सुधांशु बघेल, मेहुल सत्यवंशी, रामायण सिन्हा,पुष्पलता जोशी, पूर्णिमा चंद्राकर, अमन वर्मा, वैभव ठाकुर, सुजल ठाकुर, आशीष साहू, तुषार वर्मा उपस्थित थे।

### भाजपा-भक्ति और धर्म-भक्ति में फर्क समझना जरूरी : वर्मा




बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष छबीलाल वर्मा ने कहा कि भाजपा-भक्ति और धर्म-भक्ति में फर्क समझना जरूरी है। सनातन कभी सत्ता-केंद्रित नहीं रहा। शंकराचार्य परंपरा ने हमेशा गलत नीतियों और सत्ता के अहंकार को चुनौती दी है। आज यदि वही परंपरा अपमानित हो और तथाकथित हिंदू चुप रहें, तो यह भक्ति नहीं बल्कि गुलामी है। अंत में युवा नेता मनीष शर्मा ने कहा कि यह समय सत्य कहने और धर्म के साथ खड़े होने का है धर्म सरकार से बड़ा है, शंकराचार्य सत्ता से ऊपर हैं। जो लोग आज चुप हैं, इतिहास उन्हें मौन के अपराधी के रूप में याद रखेगा।

**अनदेखी:** शासन-प्रशासन की उपेक्षा से वनांचल के युवाओं में असंतोष

# साल भर बाद भी नहीं बन पाया मिनी स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिल्फीघाटी

बैगा बहुल और भाजपा का गढ़ माने जाने वाले चिल्फी क्षेत्र में शासन-प्रशासन की उदासीनता एक बार फिर उजागर हो गई है।

युवाओं के खेल व शारीरिक विकास के लिए स्वीकृत मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो सका, जिससे क्षेत्र के युवाओं में भारी असंतोष व्याप्त है। निर्माण कार्य स्थल में लगे सरकारी सूचना बोर्ड के अनुसार यह कार्य वर्ष 2024-25 में स्वीकृत हुआ था, जिसकी लागत करीब 51 लाख रुपए से अधिक बताई गई है। सूचना बोर्ड में निर्माण कार्य प्रारंभ तिथि 13 दिसम्बर 2024 अंकित है, लेकिन जमीनी हकीकत तस्वीरों में साफ दिखाई दे रही है।

लेकिन यह निर्माण कार्य साल भर बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो समतलीकरण के नाम पर सिर्फ मिट्टी खोद दी गई है, मैदान अधूरा पड़ा है और खेल से जुड़ी कोई मूलभूत सुविधा अब तक तैयार नहीं कराई गई है। तस्वीरों में स्पष्ट दिखता है कि चारदीवारी तो खड़ी कर दी गई, लेकिन मैदान का लेवलिंग, ट्रैक, गैलरी या अन्य खेल संरचनाएं नदारद हैं। चारों ओर जंगल और खुले मैदान के बीच यह अधूरा स्टेडियम सरकारी लापरवाही का प्रतीक बन गया है। चिल्फी सहित आसपास के गांवों के युवाओं का कहना है कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने की बातें तो करती है, लेकिन वनांचल क्षेत्रों में योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाती हैं। युवाओं का आरोप है कि कई बार शिकायत और जानकारी देने के बावजूद न तो निर्माण में तेजी आई और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति निरीक्षण किया।



### भाजपा के गढ़ में योजनाएं बेहाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस इस क्षेत्र को भाजपा की राजनीतिक रूप से मजबूत माना जाता है, लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि भाजपा के इस गढ़ में ही अगर युवाओं की जरूरतों की ऐसी अनदेखी हो रही है, तो दूरस्थ और कमजोर इलाकों का हाल क्या होगा? ऐसे में यह मामला सिस्टम की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर सीधा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

### वनांचल चिल्फी में युवाओं की अनदेखी पर सवाल

क्षेत्र के युवाओं ने मांग की है कि मिनी स्टेडियम का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाए, निर्माण में हुई देरी की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाही की जाए, भविष्य में वनांचल क्षेत्रों के साथ इस तरह की उपेक्षा न की जाए, क्षेत्र के युवाओं ने सत्ताधारी पार्टी भाजपा के नेताओं से कहा कि सिस्टम के भरोसे मत बैठो, क्या पता सिस्टम ही तुम्हारे भरोसे बैठा हो, चिल्फी के युवाओं की यह पंक्ति आज पूरे वनांचल की पीड़ा बयां कर रही है।

# घरेलू विवाद में पत्नी से मारपीट तथा कीटनाशक दवा पिलाकर हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में महिला अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर सख्ती से अमल करते हुए कबीरधाम पुलिस ने घरेलू विवाद में पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस कार्रवाई से आमजन में कानून के प्रति विश्वास और पुलिस की कार्यक्षमता का संदेश गया है।

मामला थाना सहसपुर लोहारा क्षेत्र का है, जहां गत 19 जनवरी 2026 की रात घरेलू विवाद के दौरान पति ने पहले पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट की और फिर कीटनाशक सल्फास खिलाकर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना 20 जनवरी को मृतिका के पिता लेखराम साहू द्वारा थाने में दी गई, जिसके आधार पर अपराध दर्ज कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पति जोधन साहू को हिरासत लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई, जहां उसने अपराध स्वीकार कर लिया।

आरोपी जोधन साहू आयु 50 वर्ष, निवासी ग्राम महराटोला, थाना सहसपुर लोहारा को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक बलदाऊ भट्ट, प्रधान आरक्षक गिरीश तिवारी, आरक्षक राजू सोनवानी सहित थाना स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिला अपराधों और गंभीर मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।।

# गुढ़ा के स्कूल में मिला तंत्र मंत्र का सामान जांच में सामने आई शरारती तत्वों की करतूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में आसामाजिक एवं आपराधिक तत्वों की हरकतों पर लगाम लगते नहीं दिखाई दे रही है। कभी वे मंदिरों में तोड़ फोड़ की घटना को अंजाम दे रहे हैं तो कभी लोगों को डराने धमकाने का काम कर रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला जिले के दशरंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम गुढ़ा में संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल से सामने आया है। जहां शरारती व आसामाजिक तत्वों ने जादू टोना का खेल रचकर स्कूली बच्चों और स्कूल प्रशासन को डराने का प्रयास किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गुढा स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर में तंत्र मंत्र का सामान मिला है। इसकी वजह से पूरे स्कूल में हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार स्कूल के एक पेड़ के नीचे संदिग्ध वस्तुएं पाई गईं। मौके पर एक बच्चे की तस्वीर, कपड़े से ढंका गुड्डा (टैडी बेयर), नींबू, कपूर और बंधन जैसी सामग्री मिली है।

जिससे शिक्षकों के होश उड़ गए और पूरे स्कूल में डर का माहौल पैदा हो गया। बताया जाता है कि बीते सोमवार सुबह जब शिक्षक विद्यालय पहुंचे तो उन्होंने देखा कि स्कूल परिसर में बच्चे एक पेड़ के पास भीड़ लगाए हुए हैं। पास जाकर देखने पर संदिग्ध सामग्री दिखाई दी, जिसे देखकर कई लोगों ने तंत्र-मंत्र या जादू-टोना होने की आशंका जताई। एहतियातन शिक्षकों ने बच्चों को तुरंत वहां से हटाया और मामले की सूचना गांव के वरिष्ठजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दशरंगपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सभी संदिग्ध सामग्री को जब्त कर स्कूल परिसर से बाहर फेंकवाया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई। पुलिस जांच में सामने आया कि यह किसी शरारती तत्व की करतूत है, जिसका उद्देश्य केवल भय का माहौल बनाना था।

बच्चों और शिक्षकों को डराने के उद्देश्य से किसी अज्ञात व्यक्ति ने यह काम किया है। इस घटना की जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि तंत्र-मंत्र जैसी कोई गतिविधि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस बच्चे की तस्वीर वहां रखी गई थी, उसकी मृत्यु करीब 20 वर्ष पूर्व हो चुकी है। उसकी याद में गांव में एक मंदिर बनाया गया था, जहां यह तस्वीर लगी थी। आशंका है कि किसी ने वहां से तस्वीर हटाकर स्कूल परिसर में रख दिया।

# पोंड़ी-मुंगेली सड़क व बायपास निर्माण में देरी पर सांसद संतोष पाण्डेय नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने राष्ट्रीय राजमार्ग 130 अंतर्गत पोंड़ी से मुंगेली तक सड़क,बायपास एवं पुल निर्माण कार्यों में हो रही लगातार देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।

उन्होंने इस संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई, निर्माण कार्य अविलंब प्रारंभ कराने तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश देने की मांग की है। सांसद श्री पांडेय ने पत्र में उल्लेख किया है कि पोंड़ी, पंडरिया, मुंगेली एवं तखतपुर में बायपास सड़क का निर्माण प्रस्तावित है।

साथ ही पांडातराई के पास फोंक नदी, पंडरिया के पास हाफ पर पुल निर्माण भी किया जाना है। यह मार्ग क्षेत्र की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है,जिसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इतने महत्वपूर्ण परियोजना में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। यदि शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया,तो वे आगे आवश्यक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे।

# छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज इकाई कवर्धा का प्रथम चरण जिला कार्यकारिणी गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी की अनुशंसा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश आहूजा तथा प्रदेश मंत्री अतुल देशलहरा की सहमति से चेम्बर ऑफ कॉमर्स कवर्धा इकाई के जिला अध्यक्ष दिनेश जैन द्वारा जिला कार्यकारिणी के प्रथम चरण में प्रमुख पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमे सूर्य प्रकाश केशरी महामंत्री और द्वारिका गुप्ता कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए। मनोनित पदाधिकारियों में संरक्षक महावीर जैन, कुलवंत सिंह सलूजा, त्रिलोक सिंह मुटरेजा, निर्मल माहेश्वरी, सलाहकार गौतम श्रीश्रीमाल,गौतम लुनिया, राजा पात्रो, महामंत्री सूर्यप्रकाश केसरी, कोषाध्यक्ष द्वारिका गुप्ता, उपाध्यक्ष अमित बरड़िया, प्रभु राजपुरोहित मंत्री मनोज ठाकुर, विनोद कटारिया, मीडिया प्रभारी अजय लुनिया, नवदीप सिंह चावला सोनू, विकास केशरवानी, छबेंन्द्र गुप्ता, जोन प्रभारी कवर्धा राकेश दोशी, पिपरिया अनिल दानी, पांडातराई विजय गुप्ता, लोहारा सुनील साहू, बोड़ला राजेंद्र तिलकवार, पोंड़ी पवन केशरवानी, कानूनी सलाहकार पंकज जैन, नगर पालिका एवं खाद्य विभाग समन्वय समिति अविनाश तिवारी, अनुशासन समिति सलीम हिंगोरा भजनजीत खुराना, कार्यकारिणी सदस्य वनीत सिंह सलूजा, दीप शर्मा, प्रमोद लुनिया, अमित शर्मा, रियाज शेखानी, आशीष जैन, सुधीर चोपड़ा, संजय तिवारी, बल्लू सिन्हा, संजय गुप्ता, मनीष कानूगा, प्रमोद कोचर, रुपेश जैन (सिंघई), अखिलेश गुप्ता, जितेंद्र वैष्णव, शोभा साहू, मनीष पारख शामिल है। यह घोषणा जिला कार्यकारिणी के प्रथम चरण की है। संगठन के विस्तार को ध्यान में रखते हुए आगामी चरण मे आवश्यकतानुसार कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। इस जिला कार्यकारिणी गठन पर कवर्धा के समस्त व्यापारी बंधुओं ने खुशी जाहिर की है तथा इसे संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक और महत्वपूर्ण कदम बताया है। व्यापारियों ने आशा व्यक्त की है कि नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में चेम्बर संगठन और अधिक सक्रिय होगा एवं व्यापारी हितों से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी रूप से कार्य करेगा। उक्त जानकारी दिनेश जैन जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जिला कबीरधाम कवर्धा ने दी।

ग्राम पंचायत ढोलबजा के नया टोला में 70 से 80 बैगा परिवारों को किया गया कंबल वितरण

# वनांचल क्षेत्र में कंबल वितरण, बैगा परिवारों को मिली ठंड से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

बोड़ला ब्लाक के वनांचल क्षेत्र में ठंड से जूझ रहे बैगा आदिवासी परिवारों के लिए राहत का कार्य किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य के द्वारा ग्राम पंचायत ढोलबजा के नया टोला में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान लगभग 70 से 80 बैगा आदिवासी परिवारों को कंबल वितरित किए गए। कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य ने जानकारी देते हुए बताया कि वनांचल क्षेत्रों में ठंड का प्रभाव अधिक रहता है और आर्थिक रूप से कमजोर बैगा आदिवासी परिवारों को सर्द मौसम में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह सेवा कार्य किया गया, ताकि जरूरतमंद परिवारों को ठंड से कुछ राहत मिल सके। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष छवि वर्मा के नेतृत्व में किया गया।



कंबल वितरण के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही कांग्रेस की परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि बैगा आदिवासी समाज प्रकृति के सबसे करीब रहने वाला समाज है, लेकिन सुविधाओं के अभाव में उन्हें कई बार कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है, ऐसे में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वे आगे आएं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष डाकोर चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मन्नू चंद्रवंशी, पूर्व जनपद सदस्य पवन चंद्रवंशी, क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्याम मसराम, जितेंद्र चंद्रवंशी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

सभी अतिथियों ने बैगा परिवारों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। कंबल पाकर बैगा आदिवासी परिवारों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। ग्रामीणों ने इस मानवीय पहल के लिए अतिथियों और कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से वनांचल क्षेत्र में सामाजिक सरोकार और संवेदनशीलता का संदेश भी दिया गया।

# राज्य स्तरीय रोजगार मेला 29 जनवरी से 31 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय रोजगार मेला 29 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सेजबहार, रायपुर में आयोजित है। कबीरधाम जिले के युवाओं के लिए 30 जनवरी 2026 तिथि नियत किया गया है। इस रोजगार मेला में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न निजी संस्थाओं से रिक्तियों प्राप्त हुआ है, जिसकी भर्ती मेला स्थल व साक्षात्कार के माध्यम से किया जाना है। रिक्तियों की जानकारी के लिए विभाग के वेबसाईट का अवलोकन कर मेला में सम्मिलित होने के लिए आवेदन/पंजीयन कर सकते हैं। ऐसे आवेदक जिन्होंने राज्य स्तरीय रोजगार मेला के लिए आवेदन किये है, वे सर्वप्रथम रोजगार पंजीयन पश्चत प्राप्त आईडी में अपना प्रोफाईल अपडेट कर लेगें तथा रिक्तियों का चयन कर मेला में सम्मिलित होने की प्रारंभिक प्रक्रिया पूर्ण कर लेगें। ऐसे आवेदक जिनका रोजगार पंजीयन वर्ष 2024 के पूर्व का हुआ है वे इस नये रोजगार पंजीयन पोर्टल में पंजीयन, अपडेशन किया जाना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय कबीरधाम या दूरभाष पर संपर्क कर सकते है।